(6) Feasibility of irrigation by tube wells in Leh has been established.

(7) Methods for successful poultry farming under extreme cold weather have been evolved.

(8) Upgrading of the local cattle by cross breed with "Jersey" breeds has been demonstrated.

Shortage of Cholera Vaccine for Refugees

7206. SHRI BISHWANATH JHUNJHUNWALA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state:

(a) whether the availability of cholera vaccine for the refugees is grossely inadequate and only one-third of the refugees could be inoculated so far; and

(b) if so, the steps Government have taken for the procurement of more vaccine and the progress made in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI A. K. KISKU): (a) No.

(b) The production of cholera vaccine has been stepped up in the country. In addition, supplies are also being received as gift from W.H.O. and other International sources.

लेह-मनाली सड़कों को पक्की सड़क बनाना

7207. **श्री कुशोक बकुला** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लेह-मनाली सड़क अभी तक पक्की नहीं बनाया गया है और यह बहुत ही बिगड़ी हुई स्थिति में है ; और

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक पक्की सड़क बनाए जाने की संभावना है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवनराम) : (क) और (ख). लेह-मनाली सड़क संतोषजनक हालत में है।

होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति का विकास

7208. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन** मंत्री 7 जून, 1971 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1433 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन गैर सरकारी संस्थाओं के नाम क्या हैं जिनको चालू वित्तीय वर्ष में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति का विकास करने के लिए वित्तीय सहायता दी गई है ; और

(ख) गैर-सरकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने का मापदंड क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) : (क) होम्योपैथी के विकास के लिए तथा भारतीय चिकित्सा और होम्योपैथी अनुसंधान की केन्द्रीय परिषद द्वारा अनुसंधान कार्य किए जाने के लिए सरकार वित्तीय सहायता देती है।

चालू वित्तीय वर्ष में होम्योपैथिक शिक्षा संस्था, बम्बई को कालिज के लिए भवन बनाने, वहां पर उपस्कर की व्यवस्था करने

और तदर्थ आधार पर स्टाफ की भर्ती करने के लिए एक लाख रुपये का तदर्थ अनुदान मंजूर किया गया है।

भारतीय चिकित्सा और होम्योपैथिक अनुसंधान की केन्द्रीय परिषद ने निम्नलिखित संस्थाओं को अनुसंधान कार्य करने के लिए सहायतार्थ अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता दी है। प्रति संस्थान आवर्ती 13 हजार रुपये की पहली किस्त अब तक दी जा चुकी है।

1. आतुराश्रमन होम्योपैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल, कोट्टयम;
2. देवालय धमार्थ होम्योपैथिक अस्पताल और ट्रस्ट, अलीगढ़;
3. डा० गुरुराजू सरकारी होम्योपैथिक कालेज और अस्पताल, गुडिवाडा (आन्ध्र प्रदेश);
4. डी० एन० डे० होम्योपैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल, कलकत्ता;
5. कलकत्ता होम्योपैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल, कलकत्ता;
6. के० एम० मेडिकल कालेज और अस्पताल भागलपुर (बिहार);
7. मिदिनापुर होम्योपैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल, मैसूर;
8. बेलगाम होम्योपैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल मैसूर।

(ख) होम्योपैथी के विकास के लिए चौथे पंचवर्षीय आयोजन के अन्तर्गत निजी संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने का क्या मानदण्ड और क्या प्रतिमान है यह अभी तय नहीं किया गया है क्योंकि इस सम्बन्ध में संबन्धित राज्य सरकारों से उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है। वित्तीय सहायता के लिए अनुसंधान योजनाओं की जांच वैज्ञानिक सलाहकार मंडल (होम्योपैथ) द्वारा की जाती है और मंजूरी परिषद द्वारा निर्धारित वित्तीय प्रतिमान के अनुसार परिषद की कार्यकारिणी समिति/शासनिकाय द्वारा दी जाती है बशर्ते धन उपलब्ध हो।

नेपाल स्थित भारतीय दूतावास में "सांस्कृतिक अटैची" का पद

7209. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नेपाल स्थित भारतीय दूतावास में "सांस्कृतिक अटैची" का पद कब से रिक्त पड़ा है ;

(ख) क्या सरकार का विचार इस पद पर नियुक्ति करने का है अथवा इसे सदा के लिए समाप्त कर देने का है ;

(ग) नेपाल स्थित भारतीय दूतावास के अन्तिम "सांस्कृतिक अटैची" का नाम क्या है ;

(घ) क्या सरकार को उसके विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त हुई है जिसकी जाँच की जा रही है; और

(ङ) यदि हाँ, तो उनकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) वह पद 16-2-1970 से